प्लेटफॉर्म-6 के बाहर गंदे पानी का जमावड़ा

- यात्रियों और दुकानदारों को हो रही है असुविधा
- नाला ओवरफ्लो होने से फैल रही है गंदगी

निज संवाददाता

भोपाल. 6 मई. रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 के बाहर चल रहे मेट्रो परियोजना के निर्माण कार्य के कारण क्षेत्र में गंदे पानी की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है.वेस्ट वॉटर एंट्रेंस गेट के पास लगातार गंदा पानी बह रहा है,जिससे यात्रियों, दुकानदारों और होटल संचालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

स्थिति यह है कि यात्रियों को इसी गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है,जिससे नाराजगी और असुविधा बढ़ती जा रही है.यह समस्या पिछले कई महीनों से बनी हुई है,लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है. क्षेत्र में केवल बहते पानी की ही नहीं,बल्कि पास के नाले के भर जाने की समस्या भी सामने आ रही है.नाला ओवरफ्लो होने से आसपास गंदगी फैल रही है और बदबू के कारण लोगों का रहना मुश्किल हो गया है.स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो आने वाले बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति और गंभीर हो जाएगी.सड़क पर गंदा पानी जमा होने से आवाजाही प्रभावित होगी और बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है.

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार जिम्मेदार विभागों को अवगत कराया जा चुका है,लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है.क्षेत्र में रोजाना हजारों यात्रियों की आवाजाही होती है,जिससे यह समस्या और गंभीर हो जाती है.गंदे पानी के कारण फिसलन बढ़ रही है और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है.साथ ही आसपास के व्यापारियों का कहना है कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह लचर हो गई है और नियमित निगरानी नहीं होने से हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं.यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और कठिन हो सकती है.

इनका कहना है

मेट्रो के पीआरओ धीरज शुक्ला ने बताया कि वेस्ट वॉटर के बहाव की जानकारी उन्हें पहले नहीं थी.अब मामले की जानकारी मिलने के बाद संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को सूचित कर जल्द ही इसे बंद कराने की कार्रवाई की जाएगी.उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो नाला भरा हुआ है,उसकी सूचना रेलवे और नगर निगम को दे दी गई है और उसका मेट्रो के वेस्ट वॉटर से कोई संबंध नहीं है.

होटल अमरनाथ पैलेस के मालिक उपेंद्र सिंह ने बताया कि गंदे पानी के कारण नाला बार-बार भर जाता है.उन्होंने कई बार नगर निगम में शिकायत की,लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई.होटल के सामने फैली गंदगी के कारण ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है,जिससे उनके व्यवसाय पर सीधा असर पड़ रहा है.

दुकानदार राकेश कुमार चौरसिया का कहना है कि जब से मेट्रो का निर्माण कार्य शुरू हुआ है,तब से ट्रैफिक और गंदगी की समस्या लगातार बढ़ रही है.आने वाले बारिश के मौसम को देखते हुए उन्होंने चिंता जताई कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो जलभराव से यात्रियों और स्थानीय लोगों की परेशानी और बढ़ जाएगी.

भोपाल को सांसद जल्द देंगे सौगात

- रोशनपुरा से एयरपोर्ट तक जाने के लिए बनेगी टनल
- सांसद कर रहे हैं यातायात का दबाव कम करने का प्रयास

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 6 मई. सांसद आलोक शर्मा ने शहर में यातायात को लेकर बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पुराने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई हुई है. जिसे सुधारने का मैं हरसंभव प्रयास कर रहा हूं. मैं बचपन से भोपाल में ही रहा हूं मुझे शहर की जानकारी अच्छी तरह से है.शहर में अभी हम ट्रैफिक व्यवस्थित कर लेंगे. लेकिन वाहनों की संख्या भी बढ़ रही है, ऐसे में नए निर्माण की भी जरूरत है. टनल के बनने से शहर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सकारात्मक पहचान बनाएगा, जिसके लिए हम लोग लगातार प्रयास करते हुए नया इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा कर रहे हैं.

सांसद आलोक शर्मा ने कलेक्ट्रेट में मौजूद दो दिव्यांगों अजय कुमार दाहिया और वीरेंद्र शाक्य से बात करते हुए उनकी समस्या पूछी तो उन्होंने बताया कि दोनों आंखों से दिव्यांग हैं और उनकी दुकान हमीदिया अस्पताल के बाहर थी, लेकिन अतिक्रमण अमले की कार्रवाई के दौरान दोनों की दुकान बंद करवा दी गई है. इस कारण रोजी-रोटी कमाने में समस्या आ रही है. इस पर सांसद ने दोनों को मौके पर ही 5-5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दे दी.

यातायात को सुनियोजित तरीके से करने के लिए अंडर ग्राउंड टनल बनाने का काम भी शुरू करने पर विचार कर रहे हैं. फिलहाल इस योजना को मूर्त रूप देने की प्लानिंग चल रही है, जिसके लिए जल्दी ही प्रस्ताव बनाकर केंद्र को भेजेंगे. यदि सब कुछ ठीक रहा तो शहर वासियों को रोशनपुरा से एयरपोर्ट तक जाने के लिए एक टनल मिलेगी, जो शहर के नीचे से होते हुए एयरपोर्ट रोड पर जाकर निकलेगी. इस टनल से पुराने व नए शहर से होकर एयरपोर्ट जाने वालों को आसानी होगी. जिससे शहर में लगने वाले जाम लोगों को मुक्ति मिलेगी.

तालाब बचाना है, तो उद्गम स्थल इछावर से करें शुरू

सांसद आलोक शर्मा तालाब के अतिक्रमणों से संबंधित फाइल लेकर कलेक्टर से मिले. उन्होंने अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी दी. उसके बाद उन्होंने कहा कि अतिक्रमणों को बिना भेदभाव के साथ हटाया जाना चाहिए. तालाब कभी 39 वर्ग किमी में फैला था, जो आज केवल 29 वर्ग किमी में सिमट कर रह गया है. यदि तालाब को बचाना है, तो इसके उद्गम स्थल इछावर से शुरुआत करनी होगी.

गंदगी से बीमारी का खतरा बढ़ा



नगर निगम की लापरवाही का खामियाजा वार्ड नंबर 8 के रहवासी लंबे समय से भुगत रहे हैं. क्षेत्र में कई महीनों से नियमित सफाई नहीं होने के कारण सड़कों किनारे कचरे के ढेर लगे हुए हैं. नालियां जाम हैं और सड़कों पर सड़ी-गली गंदगी फैली हुई है. इससे बदबू के साथ-साथ मच्छरों और मक्खियों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाई कर्मचारी कई-कई दिनों तक इलाके में नजर नहीं आते. कचरा समय पर नहीं उठने से हालात बदतर हो गए हैं. आसपास रहने वाले बच्चों और बुजुर्गों में बुखार, खांसी और त्वचा संबंधी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं. लोगों को आशंका है कि यदि जल्द सफाई नहीं हुई तो डेंगू, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं. रहवासियों ने कई बार नगर निगम में शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. लोगों का कहना है कि अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते हैं, जमीनी स्तर पर सुधार नहीं दिखता. क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई हो,ताकि गंदगी से फैल रही बीमारियों पर रोक लग सके.

पुलिस अधीक्षक ने किया थाने का औचक निरीक्षण

भोपाल. पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडे ने थाना सूखी सेवनिया का रात के समय औचक निरीक्षण किया. इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. नीरज चौरेसिया एवं एसडीओपी बिलखिरिया अन्तिमा समाधिया उपस्थित रहीं. पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस स्टाफ को साफ-सुथरा टर्नआउट धारण करने, अभिलेखों के विधिवत संधारण, क्षेत्र में प्रभावी पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए.

गोदाम में लगी आग, सामान खाक

- तीन क्षेत्रों से पहुंचीं दमकलें

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 6 मई. मालीखेड़ी क्षेत्र में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे आगजनी की घटना हुई. जिसमे कबाड़ का गोदाम जलकर खाक हो गया. आगजनी में लाखों का सामान राख हो गया.

हालांकि इसमें किसी तरह की जनहानि नहीं हुई. इस घटना से वहां पर रहवासियों में हड़कंप मच गया. आग की सूचना पर नगर निगम के फायर स्टेशन गांधीनगर, कबाड़खाने और छोला फायर स्टेशन से दमकलें पहुंच गई. साथ ही वहां पर नगर निगम द्वारा दो पानी के टेंकर भी भेजे गए. दमकल कर्मियों ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया. लेकिन जब तक आग को बुझाने के लिए दमकलकर्मियों ने कार्रवाई शुरू की तब तक आग ने विकराल रुप धारण कर लिया था. जिससे गोदाम में रखा सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया. आग लगने कारण का पता नहीं चला है.

पांच साल की मासूम के साथ दरिंदगी, आरोपी को भेजा जेल

- 75 साल का है आरोपी

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 6 मई. हबीबगंज थाना इलाके में एक 5 साल की मासूम के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है. आरोपी 75 वर्षीय बुजुर्ग को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया.

हबीबगंज इलाके में मासूम जहां रहती है. वहीं पड़ोस में रहने वाला आरोपी बुजुर्ग अपनी बेटी और नातिन के साथ रहता है. मासूम आरोपी की नातिन के साथ ही खेला करती थी. बीते सोमवार को मासूम बच्ची, जब आरोपी की नातिन के साथ खेलने गई थी. इस दौरान आरोपी ने मौका पाकर बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात की. वारदात का खुलासा तब हुआ, जब बच्ची के प्राइवेट पार्ट में उसी दिन देर रात को तेज दर्द हुआ. बच्ची को तुरंत ही परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने बच्ची के साथ गलत हरकत होने की आशंका जाहिर की.

इस दौरान बच्ची ने भी अपनी मां से पूछताछ के दौरान आरोपी की हरकतों को बताया. मामला सामने आने के बाद बच्ची की मां ने थाने पहुंचकर केस दर्ज कराया. हबीबगंज थाना पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया. मंगलवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया.

सीएम आज करेंगे नगर निगम के नए मुख्यालय का लोकार्पण

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 6 मई. राजधानी में नव निर्मित नगर निगम के मुख्यालय भवन का लोकार्पण गुरुवार सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे.

इस मुख्यालय का नाम अटल भवन रखा है. साथ ही मुख्यालय परिसर में स्थापित 10.5 मेगावाट सोलर प्रोजेक्ट का भी लोकार्पण किया जाएगा. इस आयोजन में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप उपस्थित रहेंगे.

अतिक्रमण अमले ने अवैध निर्माण गिराया

परमिशन से अधिक क्षेत्र में हो रहा था निर्माण

भोपाल. नगर निगम के अतिक्रमण अमले ने बुधवार को अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की. यह कार्रवाई एम्स अस्पताल के सामने तीन नंबर गेट के पास की. यहां पर एक चार मंजिला भवन का निर्माण किया जा रहा था. जिसकी परमिशन किए जा रहे निर्माण से कम थी. भवन मालिक द्वारा बिना सूचना दिए काफी समय से निर्माण हो रहा था. जिसकी शिकायत निगम के भवन अनुज्ञा शाखा को मिली. जिसकी जांच की गई तो बड़ा हिस्सा अवैध पाया गया. जिस पर निगम के अतिक्रमण अमले ने जेसीबी और कर्मियों से हथोड़े के माध्यम से अवैध निर्माण को गिराया गया.

कलेक्टर ने सुनीं जनता की समस्याएं

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 6 मई. कलेक्टर कार्यालय में बुधवार को जिले के कई लोग अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से मिलने पहुंचे. इस दौरान लोगों ने जमीन,घरेलू विवाद,छात्रवृत्ति नहीं मिलने सहित अन्य समस्याएं बताई.

कलेक्टर ने एक-एक करके लोगों की समस्याएं सुनीं. कलेक्टर ने एक-एक करके आवेदन देखे. समस्याओं को सुना और कहा कि आपको कलेक्ट्रेट के बार-बार चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है. जल्द ही आपकी की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा. यदि नहीं हो तो मुझे अवगत कराएं. एसडीएम गोविंदपुरा, जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक को बुलाया और शिकायती आवेदनों का तत्काल निराकरण करने के लिए निर्देशित किया.

कलेक्टर को 76 उम्र के बुजुर्ग किसान देवगस ने बताया कि गांव धनोरा तहसील हुजूर में मेरी जमीन में एक दबंग ने केशर लगा दिया है. मेरी जमीन पर जबरन कब्जा करके क्रेसर चला रहा है. इससे खेती करने से वंचित हो गया हूं. खेती के कागजात मेरे नाम पर पर हैं, चाहे आप जांच करा लीजिए. इस पर कलेक्टर ने तत्काल संबंधित एसडीएम को निर्देशित कर जांच के लिए निर्देशित किया है.एक महिला ने कहा कि साहब कोई काम नहीं हो रहा है.

युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

आरोपी डाक्टर के खिलाफ केस दर्ज

भोपाल, 6 मई. जयपुर की रहने वाली एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है. आरोपी डॉक्टर कोलार इलाके में एक स्किन क्लीनिक चलाता है. महिला थाना पुलिस ने जांच करते हुए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. हालांकि आरोपी की गिरफ्तारी फिलहाल नहीं की जा सकी है. आरोपी के खिलाफ युवती ने चार महीने पहले ही पुलिस में शिकायत की थी. पीड़िता बीते साल मई के महीने में आरोपी डॉक्टर अभिनीत सर्वेश गुप्ता की क्लीनिक पर अपना ट्रीटमेंट कराने पहुंची थी. पीड़िता के चचेरे भाई भी उस समय उसके साथ ही भोपाल आया था. ट्रीटमेंट कराने के बाद दोनों अपने राज्य चले गए थे. पीड़िता को मोबाइल नंबर डाक्टर के पास था और एक दिन उसने खुद से पीड़िता को मैसेज किया. धीरे-धीरे दोनों के बीच मामला प्रेम प्रसंग तक पहुंच गया. आरोपी डाक्टर ने पीड़िता को इस दौरान भोपाल बुलाया और शादी के नाम पर उसकी मांग में सिंदूर भी लगाया. पीड़िता का आरोप है कि जब वह गर्भवती हुई तो आरोपी ने दवा खिलाकर उसका गर्भपात भी करा दिया. पीड़िता जब आरोपी पर सामाजिक शादी करने का दबाव बनाने लगी तो आरोपी ने मारपीट की.

आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश

भोपाल. सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट और उस पर होने वाले कमेंट्स, क्रास कमेंट्स को लेकर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है. लोगों की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सोशल मीडिया पर इस प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों के खिलाफ और महानगर भोपाल में जन सुरक्षा तथा लोक परिशांति बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा- 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है. इसमें उल्लेख किया गया है कि इस प्रकार के इंटरनेट सोशल मीडिया वार्स सक्रिय हैं.

फ्लैट दिलाने के नाम पर 55 लाख रुपये की ठगी

- 14 लोगों ने की 3 आरोपियों के खिलाफ शिकायत

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 6 मई. निशातपुरा थाना क्षेत्र फ्लैट दिलाने के नाम पर 55 लाख रूपए की ठगी का मामला सामने आया है. पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है.

द्वारिका धाम के सामने एक कॉलोनी का निर्माण कार्य को लेकर नीहो नाम की कंस्ट्रक्शन कंपनी के तीन लोगों ने ठगी की वारदात की. दो सैम्पल हाउस लोगों को दिखाए थे. इन डुप्लेक्स की कीमत करीब 25 लाख रुपए भी लोगों को बताई गई. आरोपियों ने सैम्पल हाउस दिखाकर लोगों को प्रोजेक्ट बेचा और फरार हो गए. 14 लोगों ने ठगी का एहसास होने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने गुजरात के रहने वाले आरोपी जगप्रकाश ममतानी, दिल्ली के रहने वाले दीपक और उनके प्रार्टनर अशोक गोयल के खिलाफ केस दर्ज किया है.

नव भारत

Shri Prafulla Maheshwari Charitable Trust

FREE

SUMMER COMPUTER Course

Level up your skills.Learn with expert. Enroll now and unlock your potential!

Offered Course:

- Canva
- Suno Ai
- Ms-Copilot
- Google Doc
- Cluade Ai

Course Completion Certificate

MONDAY - SATURDAY

05.30 pm - 7.30 pm

Required Documents

- Marksheet
- Adhar Card
- Photo-1

Age Group 9-18



Duration: 2 Months
Batch Starts From 20th April 26

Add: 3 Indrapress Complex Ramgopal Maheswari Marg,zone-1 ,Mp Nagar,Bpl
Call: 7772991010

सुरक्षा परखी यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के प्रयास

एयरपोर्ट पर आतंकवाद निरोधक मॉकड्रिल आयोजित

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 6 मई. राजाभोज एयरपोर्ट पर बुधवार को मॉक ड्रिल की गई. तैनात सुरक्षा एजेंसियों का संयुक्त आतंकवाद निरोधक यह अभ्यास एयरपोर्ट परिसर में नव निर्मित फायर स्टेशन क्षेत्र में किया गया, जिसका उद्देश्य किसी भी संभावित आतंकी स्थिति से निपटने के लिए सभी तरह की सुरक्षा एवं आपातकालीन एजेंसियों की तैयारियों, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता तथा आपसी समन्वय का परीक्षण करना था.

इस आंतकवाद निरोधक अभ्यास में मध्यप्रदेश पुलिस एटीएस, सीटीजी, राज्य बीडीडीएस, फायर सर्विस एवं स्वास्थ्य दलों ने सक्रिय भागीदारी की. अभ्यास के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा संदिग्ध आतंकवादी गतिविधियों से निपटने, क्षेत्र को सुरक्षित करने, विस्फोटक जांच, घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया संबंधी विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया.

अधिकारियों ने की समीक्षा बैठक

अभ्यास के समापन पर वरिष्ठ अधिकारियों ने समीक्षा बैठक आयोजित की. बैठक में एयरपोर्ट सुरक्षा व्यवस्था को ओर अधिक मजबूत बनाने आवश्यक सुझाव पर चर्चा की गई. अधिकारियों ने बैठक में बताया गया कि यात्रियों, एयरपोर्ट उपयोगकर्ताओं एवं हितधारकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नियमित रूप से इस प्रकार के संयुक्त सुरक्षा अभ्यास आयोजित करता रहेगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके.